हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 13 मई 2026

11 बाढ़ बचाव मॉक एक्सरसाइज कल, आपदा से निपटने की तैयारी



12 फतेहाबाद में बीच सड़क खराब हुई स्कूल बस, बच्चों ने लगाया धक्का



## सड़ रहीं गलियां, प्रशासन सोया कुंभकर्णी नींद

# सड़कों पर फैला कूड़ा, जनता बेहाल हड़ताल के कारण नरक बने शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

नगर परिषद कर्मचारियों की हड़ताल आज 13वें दिन में प्रवेश कर गई है, लेकिन विडंबना देखिए कि शासन और प्रशासन की कुंभकर्णी नींद टूटने का नाम नहीं ले रही। पूरा शहर कचरे के ढेर पर बैठा है, गलियां सड़ रही हैं और उठती बदबू ने लोगों का सांस लेना दूभर कर दिया है। मगर सत्ता के गलियारों में बैठे नेताओं की प्राथमिकताएं कुछ और ही हैं। एक तरफ जहां सत्ताधारी भाजपा के बड़े नेता पश्चिम बंगाल की जीत के जश्न में डूबे हैं और मिठाइयां बांटने में व्यस्त हैं, वहीं दूसरी तरफ शहर के लाखों वोटरों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। जनता यह पूछ रही है कि जिस उत्साह से वोट मांगे गए थे, क्या उसी तत्परता से इस कचरे के साम्राज्य से मुक्ति नहीं मिलनी चाहिए। भाजपा नेता के आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने भी सकारात्मक रुख दिखाया है। कर्मचारी नेताओं ने वादा किया कि जैसे ही उनकी मांगों का समाधान होगा, वे एक विशेष अभियान चलाकर मात्र 48 घंटों के भीतर पूरे शहर को कूड़ा मुक्त कर चमका देंगे। भवानी सिंह ने भी घोषणा की कि सफाई अभियान के दौरान महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर श्रमदान करेगी ताकि जनता को राहत मिले। आज के धरने को रिटायर्ड कर्मचारी संघ और ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने भी अपना समर्थन दिया है, जिससे सरकार पर दबाव और बढ़ गया है।

> लाखों लोगों की भावनाओं को दरकिनार कर कुछ कर्मचारियों को समर्थन देने में जुटे विपक्षी नेता





फतेहाबाद। नगरपरिषद कार्यालय में धरने को संबोधित करते कर्मचारी नेता व भवानी सिंह को मांग पत्र सौंपते नगरपरिषद कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### भाजपा नेता भवानी सिंह की पहल

हड़ताल को खत्म करवाने की दिशा में वरिष्ठ भाजपा नेता और महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने महत्वपूर्ण मध्यस्थता की पहल की है। मंगलवार को उन्होंने धरना स्थल पर कर्मचारियों से मुलाकात की और उनकी मांगें सुनीं। इस दौरान नगरपालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें अपना मांग पत्र सौंपा और मांगों के त्वरित समाधान की अपील की। कर्मचारियों की समस्याओं को सुनने के बाद भवानी सिंह ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे इस विषय में व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री से बातचीत करेंगे।

### पार्षदों ने खोला मोर्चा, चेयरमैन से मांगी आपात बैठक

शहर की नारकीय स्थिति को देखते हुए पार्षद मोहन लाल नारंग, चंद्र भान, सुखदेव सिंह और पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र आहूजा व निर्मल सिवाच ने नगर परिषद चेयरमैन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्षदों ने चेयरमैन को पत्र लिखकर नगर परिषद की आम सभा की आपात बैठक बुलाने की मांग की है।

### विपक्ष भी केवल रस्म अदायगी में व्यस्त

हैरानी की बात यह है कि विपक्ष भी इस गंभीर मुद्दे पर केवल राजनीति की रोटियां सेंक रहा है। शहर के लाखों नागरिकों की भावनाओं और उनके स्वास्थ्य को दरकिनार कर विपक्षी नेता मात्र 200 कर्मचारियों के बीच जाकर फोटो खिंचवाने और समर्थन देने तक सीमित हैं। किसी ने भी शासन पर वह दबाव नहीं बनाया जिससे इस गतिरोध का हल निकल सके।

### कर्मचारियों में बढ़ रहा आक्रोश

फायर कर्मियों की हड़ताल मंगलवार को 35वें और नगर परिषद कर्मचारियों की हड़ताल 12वें दिन में प्रवेश कर गई है। फतेहाबाद में धरने की अध्यक्षता इकाई प्रधान नरेश राणा ने की, जबकि मंच संचालन सचिव ओम प्रकाश लोट ने किया। सर्व कर्मचारी संघ के राज्य कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने भी मौके पर पहुंचकर समर्थन दिया।

### शहर के बदतर हालात

- 13 दिन से सफाई ठप, सडकों के किनारे कूड़े के पहाड़ लग चुके हैं।
- बढ़ती गर्मी और सड़ते कचरे के कारण महामारी फैलने की आशंका।
- अधिकारी दफ्तरों में बंद हैं, समाधान के लिए कोई टेबल टॉक नहीं।
- परेशान होकर लोग कूड़े में आग लगा रहे हैं, जिससे पर्यावरण बिगड़ रहा है।



फतेहाबाद। सरकार की नीतियों का विरोध जताते ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

## ग्रामीण सफाई कर्मियों ने भी खोला मोर्चा, किया प्रदर्शन

- लंबित मांगों और काम के दौरान आने वाली व्यावहारिक दिक्कतों को लेकर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

अपनी लंबित मांगों और काम के दौरान आने वाली व्यावहारिक दिक्कतों को लेकर मंगलवार को जिला के सैकड़ों ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने फतेहाबाद सडक़ों पर उतरकर सरकार के खिलाफ हुंकार भरी। जिलाभर से आए महिला व पुरुष कर्मचारियों ने शहर में जोरदार प्रदर्शन किया और अपनी मांगों का ज्ञापन जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी के माध्यम से महानिदेशक, विकास एवं पंचायत विभाग को सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान सुनील कुमार ने की और संचालन सचिव हरपाल सिंह ने किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू नेता और सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान बेगराज ने प्रदेश सरकार को दलित व कर्मचारी विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा के 11 साल के कार्यकाल में न तो नई भर्ती की गई और न ही कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया गया।

### सीएम पर घोषणाओं से मुकरने का आरोप

बेगराज ने मुख्यमंत्री नायब सैनी पर घोषणाओं से मुकरने का आरोप लगाते हुए कहा कि 24 नवंबर 2024 को जींद में ग्रामीण सफाई कर्मियों के लिए 26 हजार रुपये वेतन की घोषणा की गई थी, जो अब तक लागू नहीं हुई। इसी तरह जून में घोषित 2100 रुपये की बढ़ोतरी का पत्र भी अब तक जारी नहीं किया गया है, जबकि शहरी कर्मचारियों को इसका लाभ मिलना शुरू हो चुका है। यूनियन ने पंचायत विभाग द्वारा 25 नवंबर को जारी उस पत्र पर कड़ा ऐतराज जताया है, जिसमें ग्राम सचिवों और पंचायतों को सफाई कर्मियों के काम की निगरानी का जिम्मा सौंपा गया है। नेताओं का कहना है कि इससे गांवों के प्रभावशाली लोग कर्मचारियों का उत्पीड़न करेंगे और उनसे बेगार लेंगे। यूनियन की मांग है कि बीडीपीओ के अधीन 5-6 गांवों का जोन बनाकर सुपरवाइजर नियुक्त किए जाएं और ऑनलाइन हाजिरी की जगह ऑफलाइन व्यवस्था की जाए। जिला प्रधान सुनील कुमार और सचिव हरपाल सिंह ने मांग की है कि हाई कोर्ट के आदेशानुसार सफाई कर्मचारियों को पक्का कर्मचारी घोषित कर सभी लाभ दिए जाएं।

## खबर संक्षेप

### कबाड़ कारोबारी पर तलवारों से हमला

**रतिया।** शहर में एक कबाड़ कारोबारी पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीरु राम बस्ती निवासी बब्बी राम पर देर रात टोहाना रोड स्थित टैक्सी स्टैंड के पास तलवारों से हमला किया गया। हमले में रब्बी राम के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल बब्बी राम ने बताया कि वह बीड़ी लेने के लिए टैक्सी स्टैंड गया था, तभी दो महिला और तीन युवकों ने उस पर हमला कर दिया। हमलावर उसे घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए।

### युवक ने नहर में कूदकर की आत्महत्या

**फतेहाबाद।** जिले के टोहाना शहर के किला मोहल्ला निवासी 33 वर्षीय पवन ने संदिग्ध परिस्थितियों में फतेहाबाद ब्रांच नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतक पवन की माता शीला देवी के बयान पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### फसल बीमा घोटाले में तीसरा आरोपी भी काबू

**फतेहाबाद।** गोरखपुर पैक्स और सहकारी बैंक में हुए बहुचर्चित फसल बीमा घोटाले में संलिप्त तीसरे आरोपी को भूना पुलिस काबू कर जांच में शामिल कर लिया है। आरोपी की पहचान मौचीवाली निवासी सचिन पुत्र रामनिवास के रूप में हुई है। थाना भूना प्रभारी उप निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, फतेहाबाद की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया था।

### डीजल चोरी करने वाले गिरोह का आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** पेट्रोल पंप पर धोखाधड़ी कर डीजल चोरी करने के मामले में संलिप्त तीसरे आरोपी को थाना सदर टोहाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव धोलू निवासी अमन कुमार पुत्र कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। पुलिस को दी गई शिकायत में टोहाना रोड, कुलां स्थित अभिदीप ट्रेडर्स के संचालक जसबीर सिंह ने बताया था कि 3 अप्रैल को उनके पंप पर एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर गाड़ी आई थी। गाड़ी में तीन युवक सवार थे।

### हेरोइन के साथ नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना सदर फतेहाबाद की टीम ने एक युवक को हेरोइन के साथ काबू किया है। आरोपी की पहचान परविन्द्र सिंह उर्फ पिन्दू पुत्र आत्मा सिंह, निवासी हिजरावां कलां के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि पुलिस की एक टीम गश्त और पड़ताल के सिलसिले में गांव मल्हड़ से हिजरावां कलां की तरफ जा रही थी। इसी दौरान टीम ने देखा कि हिजरावां कलां की ओर से पैदल आ रहा एक युवक पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक घबरा गया।

## पंचायतीराज विभाग के एसडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

- गांव फग्गु में गली का कागजी निर्माण का मामला

बडागुढ़ा ब्लॉक के गांव फग्गु में गली निर्माण में किए गए कथित भ्रष्टाचार के मामले में विकास एवं पंचायत विभाग के मुख्य सतर्कता अधिकारी की ओर से निर्धारित तिथि पर जांच में शामिल न होने पर पंचायती राज विभाग बडागुढ़ा के उपमंडल अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मुख्य सतर्कता अधिकारी की ओर से एसडीओ को 14 मई को प्रातः 11 बजे चंडीगढ़ कार्यालय में दस्ती तौर पर जवाब देने की हिदायत दी गई है। गांव फग्गु निवासी सोशल वर्कर सचिन की ओर से गली निर्माण में धांधली का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी। गांव में पंचायतीराज विभाग की ओर से गली का निर्माण किया गया था। विभाग द्वारा उस गली का भी कागजों में निर्माण दर्शा दिया, जिसका एक हिस्सा आज भी कच्चा है। सचिन कुमार ने कागजों में पक्की बनाई गई इस गली की गुगल इमेज वाली फोटो सहित शिकायत की थी। जिस पर विकास एवं पंचायत विभाग के मुख्य सतर्कता अधिकारी की ओर से जांच शुरू की गई थी।



सिरसा। गांव फग्गू में कागजों में बनी गली। फोटो: हरिभूमि

## नागरिक अस्पताल के जनरेटर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जिला नागरिक अस्पताल में जनरेटर में अचानक आग लग गई, जिससे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। अस्पताल के फायर ऑफिसर व स्टाफ सदस्यों ने आग पर काबू पाया। घटना के बाद मरीज गर्मी से बेहाल रहे। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह से ही बिजली नहीं थी, जिसके चलते जनरेटर चलाया गया। लोड अधिक होने के चलते दोपहर को जनरेटर में फाल्ट आ गया और आग लग गई। अस्पताल के फायर ऑफिसर अमन कंबोज व करण सिंह ने अस्पताल के अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इसी दौरान ट्रैफिक एसएचओ भी मौके पर पहुंचे और आग बुझा रहे कर्मचारियों का सहयोग किया। बाद में दमकल गाड़ी भी घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाया। जनरेटर में आग लगने से अस्पताल में भर्ती मरीज व उनके साथ आए तामीरदार गर्मी से परेशान रहे। अस्पताल प्रशासन की ओर से बताया गया है कि दो घंटे के बाद बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई है।



सिरसा। आग बुझाते अस्ताल कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### दुकान में भी लगी आग

**डबवाली।** शहर के साथ लगते डबवाली गांव में एक डेयरी और बेकरी की एक दुकान में सोमवार रात अचानक आग लग गई।आग के कारण यहां लाखों का नुकसान हुआ है। दुकान मालिक का आरोप है कि, उधार सामान न देने को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक ने दुकान में आग लगाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आगजनी डबवाली गांव के मुख्य बस स्टैंड पर गुरुद्वारे के पास बनी दुकानों में हुई। डेरी संचालक सुखी ने बताया कि सोमवार रात दुकान बंद करते समय गांव का ही एक युवक उधार सामान लेने आया था। सुखी द्वारा उधार देने से मना करने पर युवक और उनके बीच कहासुनी हो गई थी।

## फसल अवशेष जलाने पर सख्ती किसान के खिलाफ एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

खेतों में फसल अवशेष जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन ने अब सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। रतिया के सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव अलिका में गेहूं के अवशेष जलाने के आरोप में एक किसान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। सरकारी आदेशों की अवहेलना करने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना 8 मई की है। शिकायतकर्ता देवाशीष मांझू, एटीएम रतिया कार्यालय ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि गांव अलीका के रकबा में चेकिंग के दौरान किसान नंदलाल पुत्र लालचंद के खेतों में गेहूं के अवशेष जले हुए पाए गए। प्रशासन द्वारा फसल अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद इन आदेशों का उल्लंघन किया गया। प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना को गंभीरता से लेते हुए सदर रतिया पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

## मोनु हत्याकांड में संलिप्त महिला गिरफ्तार

- छुरी से किया था हमला, अब तक 5 गिरफ्तारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

बालाजी कॉलोनी निवासी युवक मोनु की हत्या के मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक और सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस हत्याकांड की साजिश और वारदात में शामिल महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ी गई महिला आरोपी की पहचान हिना पुत्री राजेंद्र हाल निवासी प्रोफेसर कॉलोनी, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि बीती 26 अप्रैल की रात को बालाजी कॉलोनी निवासी सचिन कुमार ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, उसका बड़ा भाई मोनु अपने घर के पास दोस्तों के साथ बातचीत कर रहा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। हमले के दौरान आरोपियों ने मोनु की जांघ में छुरी मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।



मोनू हत्याकांड मामले में गिरफ्तार महिला।

## 176 ग्राम अफीम सहित युवक को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस टीम ने गश्त के दौरान भारत नगर कॉलोनी क्षेत्र से स्कूटी सवार एक युवक को हजारों रुपए की 176 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान अजीत सिंह निवासी भारत नगर कॉलोनी सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान भारत नगर कॉलोनी सिरसा क्षेत्र मे मौजूद थी। इस दौरान कार्रवाई की गई।



अफीम के साथ पकड़ा गया आरोपी।

## 1200 नशीली गोलियों के साथ पंजाब का तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

अपराध अनुसंधान शाखा टोहाना की टीम ने भारी मात्रा में नशीली गोलियों सहित पंजाब के एक नशा तस्कर को काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गुरप्रीत उर्फ गोपी पुत्र नाजर सिंह निवासी बलरां, पंजाब के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उप निरीक्षक अशोक ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम दमकौरा रोड और कुदनी हैड क्षेत्र में गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि पंजाब का एक युवक बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार होकर टोहाना और जाखल क्षेत्र में नशीली गोलियों की सप्लाई देने आने वाला है। नाकाबंदी कर पुलिस ने संदिग्ध बाइक सवार युवक को रोककर तलाशी ली, तो उसके कब्जे से नशीली गोलियों के 120 पत्ते बरामद हुए। इन पत्तों में कुल 1200 प्रतिबंधित गोलियां पाई गईं।



नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार युवक।

**मौसम का हाल** | घर के अंदर भी राहत नहीं, बिजली कटौती ने मुश्किलें और बढ़ाई

## पूर्वी हवाओं से बढ़ी उमस, 14 मई तक गर्म और शुष्क रहेगा मौसम

- किसानों को सलाह: नरमा और हरे चारे की फसलों में नियमित सिंचाई

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले में गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को पूर्वी हवाएं चलने से वातावरण में नमी बढ़ गई, जिससे उमस ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। दिनभर गर्म हवाओं और उमस के कारण लोग पसीने से तरबतर नजर आए। अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। घरों के भीतर भी गर्मी से राहत नहीं मिली और बिजली कटौती ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 14 मई तक जिले में मौसम आमतौर पर गर्म और शुष्क बना रहेगा। इस दौरान दिन के तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना है, जबकि रात के तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम में बदलाव के चलते बीच-बीच में हल्के बादल छाने और धूलभरी पश्चिमी हवाएं चलने के आसार भी बने हुए हैं। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए नरमा और हरे चारे की फसलों में नियमित सिंचाई करें। तेज तापमान का सीधा असर फसलों पर पड़ सकता है, इसलिए खेतों में नमी बनाए रखना जरूरी है। पिछले कई दिनों से जिले में लू का प्रकोप बना हुआ है और लोग बारिश का इंतजार कर रहे हैं ताकि भीषण गर्मी और उमस से राहत मिल सके। डॉ मदन खीचड ने बताया कि हरियाणा में 14 मई तक मौसम परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान कुछ स्थानों पर आंशिक बादल छाने के साथ बूंदाबांदी या हल्की बारिश भी हो सकती है। हालांकि गर्मी से फिलहाल राहत मिलने की संभावना कम है।



फतेहाबाद। बढ़ती गर्मी के चलते सुनसान पड़ी शहर की सडक़। फोटो: हरिभूमि

### पिछले छह दिनों का तापमान

| | |
|---|---|
| 7 मई | अधिकतम 35, न्यूनतम 22 |
| 8 मई | अधिकतम 36, न्यूनतम 23 |
| 9 मई | अधिकतम 38, न्यूनतम 26 |
| 10 मई | अधिकतम 39, न्यूनतम 27 |
| 11 मई | अधिकतम 39, न्यूनतम 27 |
| 12 मई | अधिकतम 40, न्यूनतम 28 |

### बदलते मौसम में ये करें उपाय

- दोपहर में धूप में निकलने से बचें।
- सिर को सूती कपड़े से ढककर बाहर जाएं।
- पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें।
- बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें।
- लू के लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।




# भगवान शिव की भूमिका निभाएंगे रणवीर...

**मुंबई।** रणवीर सिंह अपनी फिल्मों में एक बड़ा बदलाव करने जा रहे हैं। वह एक प्रसिद्ध लेखक की शिव त्रयी (मेलुहा के अमर श्रृंखला) पर बनी फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणवीर भगवान शिव का किरदार निभाएंगे रणवीर ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी मां कसम फिल्म्स के जरिए 'द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' के अधिकार खरीद लिए हैं। यह किताब और इसके दो सीक्वल प्राचीन मेलुहा राज्य में एक हिमालयी योद्धा की कहानी बताते हैं। रणवीर ने बिरला स्टूडियोज के साथ मिलकर इस कहानी को तीन बड़ी फिल्मों की श्रृंखला (त्रयी) के रूप में बनाने की योजना बनाई है। रणवीर काफी समय से इसकी कहानी को बड़े पर्दे पर लाना चाहते थे।

लाइफ Style



# प्रियंका

## मीरा की फिल्म अमरी में आएंगी नजर

प्रसिद्ध निर्देशक और निर्माता मीरा नायर अपनी नई फिल्म 'अमरी' लेकर आ रही हैं। यह फिल्म भारत की मशहूर पेंटर के जीवन और उनकी कला पर आधारित है। डॉक्यूमेंट्री फिल्मों से अपने निर्देशन कॅरियर की शुरुआत करने वाली मीरा नायर अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस फिल्म का नाम है 'अमरी'। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और जयदीप अहलावत के अलावा भी कई कलाकाल महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। मीरा नायर की नई फिल्म 'अमरी' में मुख्य भूमिका में अंजलि शिवरामन अमृता शेर-गिल का किरदार निभाएंगी। एमिली वॉटसन उनकी मां मैरी-एंटोनेट का रोल करेंगी। जयदीप अहलावत उनके पिता उमराव सिंह शेर-गिल के किरदार में नजर आएंगे। क्रिस्टियन साकवारी विक्टर ईगन के रूप में नजर आएंगी। अंजना वासन इंदिरा शेर-गिल के रूप में और जिम सरभ कार्ल खंडालावाला के रूप में नजर आएंगे। इन सभी के अलावा प्रियंका चोपड़ा मैडम अजूरी के रोल में नजर आएंगी। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर भी हैं। मंगलवार को मीरा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी नई फिल्म 'अमरी' का पहला लुक जारी किया है। अमृता शेर-गिल की कला ने मीरा नायर को बहुत प्रभावित किया है। एएनआई के अनुसार मीरा ने कहा, ''अमरी' अमृता शेर-गिल की कला से प्रेरित है। उन्होंने यूरोप में अच्छी ट्रेनिंग ली और फिर भारत की आत्मा को अपनी पेंटिंग में उतारा। उनके रंगों की हिम्मत और आम लोगों को चित्रित करने का तरीका मुझे हमेशा प्रभावित करता रहा है।'

हॉलीवुड मसाला



# वन लाइफ... से मिली पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** 'वन लाइफ टू लिव' और 'हाउ टू सरवाइव अ मैरिज' जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री जेनिफर हरमन का निधन हो गया है। जेनिफर ने 82 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा। जेनिफर हरमन लोकप्रिय टीवी शो 'वन लाइफ टू लिव' में 'कैथी' का किरदार निभाने के लिए जानी जाती थीं। वह इस भूमिका को निभाने वाली पांचवीं अभिनेत्री थीं। उन्होंने 1976 से 1978 तक यह रोल किया और इसके लिए डे-टाइम एमी अवॉर्ड के लिए नामांकन भी मिला था। इससे पहले उन्होंने 1974-75 में एनबीसी के शो 'हाउ टू सरवाइव ए मैरिज' में मुख्य भूमिका में नजर आई थीं।



# ब्रिटनी को हुई एक दिन की जेल, कबूला जुर्म

**लॉस एंजिल्स।** प्रिंसेस ऑफ पॉप कही जाने वाली अमेरिकन सिंगर-परफॉर्मर ब्रिटनी स्पीयर्स एक कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। ब्रिटनी ने साउथ कैलिफोर्निया में शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले से जुड़े कम गंभीर आरोप में अपना जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद सिंगर को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन के जेल की सजा सुनाई गई है।ब्रिटनी स्पीयर्स ने अपने वकील माइकल ए गोल्डस्टीन के जरिए वेंचुरा काउंटी सुपीरियर कोर्ट में अपना जुर्म कबूल किया। स्पीयर्स सुनवाई में मौजूद नहीं थीं, उनके वकील ने उनका प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद वेंचुरा काउंटी कमिश्नर मैथ्यू नेमरसन ने ब्रिटनी स्पीयर्स को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन की जेल की सजा सुनाई। उन्हें जरूरी जुर्माना भरने, राज्य द्वारा निर्धारित तीन महीने के ड्राइविंग अंडर इन्फ्लुएंस एजुकेशन प्रोग्राम को पूरा करने का भी आदेश दिया।



# महाकालेश्वर पहुंचीं तमन्ना आरती में दिखीं लीन


**मुंबई।** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मंगलवार को महाकाल के दर्शन करने पहुंचीं। उन्होंने उज्जैन के महाकालेश्वर में भस्म आरती में भाग लिया और प्रार्थना की। इस दौरान तमन्ना पूरी तरह से महाकाल की भक्ति में लीन नजर आईं। दर्शन करने के बाद उन्होंने अपने अनुभव को भावपूर्ण और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर बताया। उन्होंने कहा, 'इस स्थान पर तभी जाया जा सकता है, जब खुद महाकाल का बुलावा आता है। सभी के साथ बैठकर भस्म आरती देखने का मौका मिलना अपने आप में एक खास अनुभव है। यह एक ऐसा एहसास जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती। यहां आकर मन को शांति मिलती है और अंदर सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है। यहां एक ऐसी ऊर्जा है, जिसे सबके साथ बैठकर महसूस करना वाकई आनंदित करता है। यहां आना मेरा सौभाग्य है।'



# वकील की भूमिका में होंगी सोनाक्षी...

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा एक कोर्टरूम ड्रामा के साथ वापसी कर रही हैं। उनकी आगामी फिल्म 'सिस्टम' का ट्रेलर मंगलवार जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में सोनाक्षी एक वकील की भूमिका में नजर आ रही हैं। फिल्म का ट्रेलर सत्ता, महत्वाकांक्षा और न्याय के टकराव की एक रोमांचक कानूनी लड़ाई की झलक दिखाता है। सिस्टम 22 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। 2 मिनट के इस ट्रेलर की शुरुआत सोनाक्षी के किरदार नेहा से होती है। नेहा एक दृढ़ निश्चयी युवा वकील है और अपने पिता की लॉ फर्म में पार्टनर बनने के लिए खुद को योग्य साबित करने की कोशिश कर रही है। इसके लिए पिता (आशुतोष गोवारिकर) उसे एक कठिन केस लेने की चुनौती देते हैं। अपनी लड़ाई को मजबूत करने के लिए, नेहा सारिका (ज्योतिका) को अपने साथ लाती है।

टीवी मसाला




# खतरों के खिलाड़ी में स्टंट करने में मेरी हालत होगी खराब...

**नई दिल्ली।** टीवी पर हमेशा हंसते, दूसरों को सहज महसूस कराते और हर मुश्किल पल को मजाक में बदल देने वाले ऋत्विक धनजानी इस बार खुद डर के बीच फंसे नजर आएंगे। दरअसल, ऋत्विक 'खतरों के खिलाड़ी 15' में बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लेने जा रहे हैं। लेकिन, दिलचस्प बात ये है कि 'खतरों के खिलाड़ी 15' में जाने से पहले ऋत्विक किसी माचो इमेज में फिट होने की कोशिश नहीं कर रहे। हाल ही में उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर मैं डरूंगा, तो वो दिखेगा भी। ऋत्विक ने अपने गेम प्लान, डर, स्टंट और मेडिटेशन के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें आज भी ऊंचाई से डर लगता है। उन्होंने कहा, 'हाइट्स हमेशा से मेरे लिए थोड़ा ट्रिगर रही हैं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो कैमरे के सामने ये दिखाएं कि मुझे किसी चीज से फर्क नहीं पड़ता। अगर डर है तो है। मैं उसे छिपाने वाला नहीं। मुझे लगता है लोग आज बहुत जल्दी नकली चीज पकड़ लेते हैं। इसलिए, मैं यहां कोई सुपरहीरो बनने नहीं आया हूं। मैं बस रियल रहना चाहता हूं। अगर किसी स्टंट में मेरी हालत खराब होगी, तो होगी। अगर मैं पैनिक करूंगा, तो वो भी दिखेगा।'जब उनसे पूछा गया कि क्या वो इस शो के जरिए अपनी कोई इमेज बदलना या तोड़ना चाहते हैं? इस पर एक्टर ने कहा, 'मैं कोई इमेज नहीं तोड़ना चाहता, क्योंकि सच कहूं तो मैंने कभी खुद को किसी इमेज में बांधा ही नहीं। लेकिन हां, लोग मुझे हमेशा हंसते हुए देखते हैं, मजाक करते हुए देखते हैं।

## अमीरों की चकाचौंध भरी जिंदगी में तांक-झांक!

**नई दिल्ली।** टेलीविजन की चर्चित जोड़ी करण कुंद्र और तेजस्वी प्रकाश काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इस चर्चित जोड़ी को फैंस खूब पसंद करते हैं। हाल ही में इन्हें 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' में देखा गया था। अब ये दोनों दुबई पहुंचे हैं। वे यहां बड़े-बड़े लोगों की जिंदगी से जुड़ी चीजों को करीब से देख रहे हैं। ऐसा वे अपने नए रियलिटी शो 'देसी ब्लिंग' के कारण कर रहे हैं, जिसका मंगलवार को ट्रेलर रिलीज हुआ है। 'देसी ब्लिंग' एक रियलिटी शो है, जो नेटफ्लिक्स पर आएगा। आज सोमवार को ओटीटी के दिग्गज प्लेटफॉर्म ने इसका ट्रेलर जारी किया है। इस शो में दरअसल, दुबई में रहने वाले अमीर भारतीयों को दिखाया जाएगा। उनकी लाइफस्टाइल, विचार और तौर-तरीके ट्रेलर के साथ ही इस शो की रिलीज डेट का भी पता चल गया है। इसका प्रीमियर 20 मई से नेटफ्लिक्स पर होगा। नेटफ्लिक्स ने ट्रेलर जारी करते हुए लिखा है, 'बुर्ज खलीफा जितने बड़े ड्रामा के लिए खुद को तैयार रखें।



# कान फिल्म फेस्टिवल में छाईं आलिया सामने आई पहली झलक ...

**लॉस एंजिल्स।** कान फिल्म फेस्टिवल का आगाज मंगलवार को ओपनिंग सेरेमनी के साथ हुआ। इस प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में दुनियाभर की सिनेमा और फैशन जगत की चर्चित हस्तियां शामिल होती हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट भी यहां पहुंची हैं। कान फेस्टिवल से उनका एक लुक सामने आया है। आलिया भट्ट ने लाइट ग्रीन कलर का फ्लोरल कौर्सेट कैरी किया है, जो व्हाइट बॉलगाउन स्कर्ट सरीखा लग रहा है। आलिया का यह लुक बेहद रिफ्रेशिंग और स्टाइलिश है। एक्ट्रेस ने ग्लोबल मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वे ग्लैमरस लुक में इतनी सहज और प्यारी लग रही हैं कि देखने वाले लोग तारीफें कर रहे हैं।आलिया ने व्हाइट बेस पर येलो, ग्रीन और ब्लू शेड वाले इस फ्लोरल लुक गाउन के साथ अपने हेयर स्टाइल को भी बेहद खास रखा है। उन्होंने हाईबन बनाया है। आलिया ने अपना लुक बेहद सिंपल रखा है। न उन्होंने गले में नेकलेस पहना है न कलाई पर कोई ब्रेसलेट या घड़ी। इसके बावजूद अपने दमदार अंदाज से उन्होंने लोगों का ध्यान खींचा है। आलिया भट्ट का कान फेस्टिवल का यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और नेटिजंस के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। एक्ट्रेस को सकारात्मक रिएक्शंस मिल रहे हैं। यूजर्स उन्हें डिज्नी प्रिंसेस बुला रहे हैं।



### ये भारतीय स्टार्स आएंगे नजर

इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में नजर आने वाले भारतीय सितारों में आलिया भट्ट और तारा सुतारिया के अलावा ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी, मौनी रॉय और करण जौहर के भी इस फेस्टिवल में पहुंचने की संभावनाएं हैं। फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को 65वें कान क्रिटिक्स वीक के जूरी का अध्यक्ष भी बनाया गया है।

# लकड़बग्घा-2 की होगी स्पेशल स्क्रीनिंग



**मुंबई।** अभिनेता और निर्देशक अंशुमन झा की फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' इस साल 79वें कान फिल्म फेस्टिवल के मार्चे दु फिल्म में स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए तैयार है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2' साल के आखिर में रिलीज से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होने की तैयारी कर रही है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी। 'लकड़बग्घा 2' भारत और इंडोनेशिया के बीच पहला आधिकारिक सह-निर्माण (को-प्रोडक्शन) है। इस फिल्म का निर्देशन अंशुमन झा ने किया है। फिल्म में सनी पैंग, डैन चुपोंग, आदिल हुसैन, सारा-जेन डायस और अंशुमन झा ने भी अभिनय किया है। अंशुमन झा ने बताया, 'पहली फिल्म कुत्तों के प्यार पर आधारित थी। दूसरी फिल्म 'द मंकी बिजनेस' इसे बढ़ाकर सभी जानवरों तक ले जाती है। जानवर इसलिए खत्म हो रहे हैं क्योंकि इंसानियत खत्म हो रही है। हम एक्शन को सिर्फ मार-पीट तक नहीं रखना चाहते, बल्कि इसमें गहराई और मकसद भी देना चाहते हैं।' अंशुमन झा की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' दिवाली 2026 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म, जो 2023 की फिल्म का सीक्वल है, दिवाली 2026 पर नितेश तिवारी की 'रामायण भाग 1' के साथ बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा।

## *बॉम्बे स्टोरीज भी होगी प्रदर्शित*

***मुंबई।*** *कान फिल्म फेस्टिवल में मौनी रॉय शिरकत करने के लिए तैयार हैं। उनकी इंडो-अमेरिकन फिल्म 'बॉम्बे स्टोरीज' को समारोह में प्रदर्शित किया जाएगा। शाह काजमी द्वारा निर्देशित यह फिल्म सआदत हसन मंटो के उपन्यास पर 'बॉम्बे स्टोरीज' पर आधारित है। निर्देशक काजमी ने इस साल मार्चे डू फिल्म में फिल्म की स्क्रीनिंग की पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'इसे कान्स फिल्म मार्केट में प्रदर्शित किया जाएगा। 19 मई को कान्स से और ज्यादा जानकारी जारी की जाएगी। हम पोस्टर लॉन्च भी कर रहे हैं। यह एक सशक्त महिला-केंद्रित फिल्म है जिसमें एक संदेश है। यह भारतीय उपमहाद्वीप के महानतम लेखकों में से एक द्वारा लिखित एक संकलन पर आधारित है।'निर्देशक ने कहा, "मेरी यात्रा 2016 में कान्स से शुरू हुई। जब हम मंटो की विभाजन संबंधी कहानियों पर आधारित फिल्म 'मंटोस्तान' (2017) बना रहे थे, तब मुझे इस फिल्म समारोह के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। सौभाग्य से, हमें कान्स में जगह मिली और इस मंच ने हमें काफी पहचान दिलाई है।" फिल्म में मौनी के अलावा, अनुप्रिया गोयनका और सुष्मिता सिंह भी अहम किरदार में हैं। इसकी कहानी शहर की सेक्स वर्करों की जिंदगी पर आधारित है।*

## दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और मेकर्स ने बनाई है अपनी अलग पहचान

# कान फिल्म फेस्टिवल में भारत का जलवा, रेड कार्पेट से अवॉर्ड तक का शानदार सफर

*नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में गिने जाने वाले कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा का सफर बेहद खास रहा है। दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और फिल्ममेकर्स ने कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी अलग पहचान बनाई है। कभी फिल्मों ने यहां तालियां बटोरीं, तो कभी भारतीय सितारों का रेड कार्पेट लुक चर्चा में रहा।*

### नीचा नगर बनी पहली भारतीय फिल्म




भारत ने पहली बार साल 1946 में कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया था। नीचा नगर पहली भारतीय फिल्म थी, जिसने कान में बड़ी सफलता हासिल की। फिल्म को उस समय फेस्टिवल का सबसे बड़ा सम्मान पाम डी ओर (तब ग्रैंड प्रिक्स) मिला था। यह भारतीय सिनेमा के लिए गर्व का पल था।

### सत्यजीत रे ने बढ़ाया भारत का मान



इसके बाद धीरे-धीरे भारतीय फिल्मों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी मौजूदगी मजबूत करनी शुरू की। सत्यजीत रे की फिल्मों ने कान में भारत का नाम रोशन किया। उनकी कई फिल्मों को वहां सराहा गया और दुनियाभर के दर्शकों ने भारतीय कहानी कहने के अंदाज को पसंद किया।

### सलाम बॉम्बे ने बटोरी तारीफें

साल 1988 में 'सलाम बॉम्बे' ने कान में खूब तारीफें बटोरीं और कैमरा डी'ऑर अवॉर्ड जीता। इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को नई पहचान दिलाई। वहीं , मीरा नायरभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो गईं।



### भारतीय सितारों ने खींचा सबका ध्यान

कान फिल्म फेस्टिवल में सिर्फ फिल्में ही नहीं, भारतीय सितारों का फैशन और ग्लैमर भी हमेशा चर्चा में रहता है। ऐश्वर्या राय बच्चन, दीपिका पादुकोण, सोनम कपूर और प्रियंका चोपड़ा जैसे सितारों ने रेड कार्पेट पर अपने शानदार अंदाज से दुनियाभर का ध्यान खींचा।

### जब भारत को कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया

साल 2022 भारत के लिए और भी खास रहा, जब भारत को कान फिल्म फेस्टिवल में कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया। उसी साल दीपिका पादुकोण को जूरी सदस्य बनने का मौका मिला, जो भारतीय सिनेमा के लिए बड़ी उपलब्धि मानी गई।

### ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों का शानदार प्रदर्शन

हाल के वर्षों में ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों ने भी कान में शानदार प्रदर्शन किया और साबित किया कि भारतीय सिनेमा अब सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी कहानियां दुनियाभर के दर्शकों को प्रभावित कर रही हैं। आज कान फिल्म फेस्टिवल भारतीय सिनेमा के लिए सिर्फ एक मंच नहीं, बल्कि दुनिया के सामने अपनी कला, संस्कृति और कहानियों को दिखाने का सबसे बड़ा अवसर बन चुका है।

## खबर संक्षेप

### गुरुद्वारे में नाम सिमरन समारोह 16 मई से

**रतिया।** बाबा नरेंद्र सिंह की बरसी के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब अंगीठा साहिब, नथवान में 16 व 17 मई को दो दिवसीय नाम सिमरन समारोह का आयोजन किया जाएगा। सेवादारों ने बताया कि बाबा नरेंद्र सिंह की बरसी पर हर वर्ष गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धा एवं भक्ति भाव से नाम सिमरन समारोह आयोजित किया जाता है, जिसमें हरियाणा और पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में संगत पहुंचकर नाम सिमरन में भाग लेती है। बाहर से आने वाली संगत के ठहरने एवं लंगर आदि की विशेष व्यवस्था की गई है। समारोह के दौरान भाई गुरजीत सिंह ऑस्ट्रेलिया से सीधे प्रसारण के माध्यम से संगत को नाम सिमरन एवं गुरमत विचारों से जोड़ेंगे, जबकि भाई रूपिंद्र सिंह लुधियाना नथवान पहुंचकर हाजिरी भरेंगे।

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर हुई प्रतियोगिता

**फतेहाबाद।** मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में एसजीएम गुरुकुल अकादमी, फतेहाबाद में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत संगोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के महत्व से अवगत कराना तथा देश के विकास में तकनीकी योगदान की भूमिका पर प्रकाश डालना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं एवं व्यक्तियों द्वारा प्रतिभागी युवाओं को नई तकनीकों, डिजिटल शिक्षा, नवाचार एवं आधुनिक वैज्ञानिक सोच के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक राष्ट्र की प्रगति एवं आत्मनिर्भरता का प्रमुख आधार बन चुकी है तथा युवाओं को बदलते तकनीकी परिवेश के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ना चाहिए।

### पुलिस ने 351 वाहनों के काटे चालान

**हिसार।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 1010 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 351 वाहन चालकों के चालान किए गए। इस विशेष गश्त एवं चेकिंग अभियान के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस का उद्देश्य है कि आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बनाई व्यापक रणनीति और तालमेल की योजना

# बाढ़ बचाव मॉक एक्सरसाइज कल आपदा से निपटने की होगी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश में संभावित बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा 14 मई वीरवार को राज्य के 13 जिलों में व्यापक स्तर पर सुबह 9 बजे बाढ़ बचाव मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी। इस अभियान के तहत फतेहाबाद जिला में भी बाढ़ बचाव को लेकर विशेष अभ्यास किया जाएगा। हरियाणा की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्तायुक्त राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग डॉ. सुमिता मिश्रा ने इस संबंध में संबंधित विभागों और संबंधित जिलों के उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए टेबल टॉप एक्सरसाइज आयोजित कर विस्तृत रणनीति और कार्य योजना तैयार की गई। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी डॉ. विवेक भारती ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में आपदा प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर जिला स्तर की तैयारियों की समीक्षा की। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मॉक एक्सरसाइज को पूरी गंभीरता, अनुशासन और समन्वय के साथ संपन्न करवाया जाए ताकि वास्तविक आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपात स्थिति में विभागों के बीच तालमेल स्थापित करना तथा कम से कम समय में लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की व्यवस्था को परखना है।



**फतेहाबाद।** आपदा प्रबंधन की जिला स्तर की तैयारियों की समीक्षा करते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती।

#### नई सब्जी मंडी परिसर होगा स्टेजिंग एरिया

डीसी ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित नई सब्जी मंडी परिसर स्टेजिंग एरिया रहेगा जहां से मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी। इसमें बाढ़ जैसी काल्पनिक आपदा की स्थिति तैयार कर लघु सचिवालय परिसर की बिल्डिंग कॉलेप्स व नागरिक अस्पताल परिसर में राहत एवं बचाव कार्यों का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा। विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों की ड्यूटियां निर्धारित कर दी गई हैं तथा आवश्यक संसाधनों और उपकरणों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है। आपदा की स्थिति के मद्देनजर जिला आपदा ऑपरेशन सेंटर लघु सचिवालय फतेहाबाद के वीसी रूम में सेटअप किया जाएगा। डीसी ने बताया कि एडीसी अनुराग ढालिया मॉक एक्सरसाइज के ओवर आल इंचार्ज होंगे। मॉक ड्रिल के दौरान रेस्क्यू ऑपरेशन, प्राथमिक उपचार, राहत सामग्री वितरण, आपातकालीन संचार व्यवस्था, प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने तथा चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाने जैसे विभिन्न पहलुओं का अभ्यास किया जाएगा। इसके साथ ही आपदा के समय आमजन को जागरूक करने और अफवाहों से बचने के लिए भी विशेष व्यवस्था की जाएगी।



**सिरसा।** अधिकारियों की बैठक लेते डीसी।

## सिरसा में घग्गर तटबंध और हाईवे पर होगा विशेष अभ्यास

**सिरसा।** बाढ़ आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत 14 मई को आयोजित होने वाली मॉक एक्सरसाइज को लेकर बैठक हुई। डीसी शांतनु शर्मा ने बैठक में मॉक एक्सरसाइज की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मॉक एक्सरसाइज के ओवरऑल इंचार्ज एवं अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने बताया कि हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जिले में बाढ़ आपदा के दृष्टिगत 14 मई को सुबह 9 बजे मॉक एक्सरसाइज की जाएगी। मॉक एक्सरसाइज के तहत दो स्थानों को चिन्हित किया गया है। पहला स्थल गांव पनिहारी के निकट घग्गर के दाएं तटबंध के पास तथा दूसरा स्थल सिरसा-रानियां-डबवाली हाईवे पर मीरपुर के निकट रहेगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि 14 मई को आपातकालीन सेवा वाहनों की आवाजाही दिखे या सायरन की आवाज या कोई प्रशासनिक हलचल दिखे तो घबराए नहीं बल्कि यह मॉक एक्सरसाइज है।

#### राहत और बचाव का परीक्षण

उन्होंने बताया कि अभ्यास के दौरान भारी बारिश के बाद घग्गर नदी में जलस्तर बढने, तटबंध में कटाव आने तथा सडक क्षतिग्रस्त होने जैसी स्थिति मानकर राहत एवं बचाव कार्य किए जाएंगे। इसके तहत विभिन्न विभागों की ओर से राहत कार्य, यातायात नियंत्रण, बचाव दलों की आवाजाही, संचार व्यवस्था तथा राहत शिविरों की सुरक्षा आदि व्यवस्थाओं का परीक्षण किया जाएगा।



**फतेहाबाद।** वार्षिक सत्संग समारोह में लोगों को अन्न वितरित करते विधायक विनोद भ्याना।

## ढाकर बस्ती कुटिया शांत सरोवर का वार्षिक सत्संग समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ढाकर बस्ती स्थित कुटिया शांत सरोवर में परम पूजनीय संत श्री सुखदेवानंद जी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय 31वां वार्षिक सत्संग समारोह पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हो गया। इस तीन दिवसीय आध्यात्मिक समागम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया, जिससे आश्रम का विशाल हॉल भी छोटा नजर आने लगा। समारोह के पहले दिन का शुभारंभ संत-महात्माओं द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। इस अवसर पर अर्जुन दास भाटिया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रथम दिन नगर परिषद की उपप्रधान श्रीमती सविता टुटेजा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और उन्होंने महाराज जी का आशीर्वाद लिया।

दूसरे दिन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हांसी के विधायक एवं फतेहाबाद प्रभारी विनोद भयाना पहुंचे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर सत्संग का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संतों का सानिध्य और उनका आशीर्वाद जीवन को सफल बनाता है। इस अवसर पर परम हंस श्री योग दरबार शांत सरोवर आश्रम टोहाना की ओर से गरीब व असहाय लोगों को अन्न वितरित किया गया। भ्याना ने कुटिया के विकास कार्यों के लिए 2 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने की, जिन्होंने बच्चों को अच्छे संस्कार देने में संतों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। सुबह के सत्र में सुभाष भाटिया ने दीप प्रज्वलित किया।

#### 2.5 लाख रुपये देने की घोषणा

समारोह के अंतिम दिन की शुरुआत प्रमुख समाजसेवी सुरेंद्र बत्रा, उनकी धर्मपत्नी सिमरन बत्रा और डॉ. सेजल द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। तीसरे दिन जींद के विधायक कृष्ण मिड्ढा की ओर से उनके भाई राजन मिड्ढा पहुंचे। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक अच्छा नागरिक बनने के लिए हमें अपनी इंद्रियों का सही दिशा में प्रयोग करना चाहिए और बुराई से दूर रहना चाहिए। उन्होंने विधायक कृष्ण मिड्ढा की ओर से कुटिया को 2.5 लाख रुपये देने की घोषणा की। समारोह का मुख्य आकर्षण संत श्री सुखदेवानंद जी महाराज के जन्मदिन पर केक काटना रहा, जिसे सभी श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया।

# मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों में रोष

### 20 मई को बिजली मंत्री के आवास पर किया जाएगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

कच्चे कर्मचारियों को उच्च न्यायालय के आदेशों व पुरानी नीतियों के तहत पक्का करवाने और अन्य लंबित मांगों को लेकर ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने अपनी रणनीति तैयार कर ली है। इसी कड़ी में सब डिवीजन कार्यालय फतेहाबाद में मंगलवार को यूनिट कन्वेंशन का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता यूनिट उपप्रधान पवन कड़वा ने की और संचालन सचिव रामनिवास शर्मा द्वारा किया गया। आज फतेहाबाद और रतिया में ज्वाइंट कन्वेंशन आयोजित कर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ बिगुल फूंका।

यूनियन के राज्य कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, राज्य सचिव लोकेश कुमार और सर्किल सचिव भूपसिंह भडोलावाली ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली कर्मचारी अपनी मांगों के समाधान के लिए लंबे समय से संघर्षरत हैं। हरियाणा सरकार, बिजली मंत्री और निगम मैनेजमेंट को बार-बार पत्र लिखे गए, लेकिन कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया।



**फतेहाबाद।** बिजली कर्मचारियों को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

#### क्या कहते है कर्मचारी नेता

कर्मचारी नेताओं ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जा रहा है। सरकार इस मामले में कोई ठोस नियमितीकरण नीति बनाने से बच रही है। इसके विरोध में 20 मई को अंबाला में बिजली मंत्री अनिल विज के कैंप कार्यालय पर विशाल विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस आंदोलन की तैयारी के लिए प्रदेशभर में यूनिट स्तर पर गेट मीटिंग की जा रही हैं और कर्मचारियों से हस्ताक्षर युक्त फॉर्म भरवाए जा रहे हैं। कर्मचारी नेताओं ने आरोप लगाया कि बिजली निगमों में सभी श्रेणियों के पद खाली पड़े हैं, जिसका खामियाजा मौजूदा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है।

# भाजपा जिला कार्यालय में मासिक बैठक संगठन की मजबूती और जनसंपर्क पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी सुरेंद्र आर्य और पूर्व विधायक दुड़ाराम ने शिरकत की, जहां जिले भर के पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों के साथ संगठन की मजबूती पर मंथन किया गया। बैठक के दौरान आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि समर्पित कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रचार करें। पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसान, मजदूर और युवाओं सहित हर वर्ग के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। वहीं, जिला प्रभारी सुरेंद्र आर्य ने जोर देकर कहा कि भाजपा राष्ट्र निर्माण की विचारधारा पर चलने वाला संगठन है, जहां अनुशासन और समर्पण सर्वोपरि है। बैठक में बीते समय में हुए अभियानों और कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।



**फतेहाबाद।** बैठक में भाग लेते भाजपा नेता।

## क्रेसंट बना चेस में स्टेट चैंपियन, जीनत ने रचा इतिहास अब नेशनल स्तर पर करेंगी हरियाणा का प्रतिनिधित्व

**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा जीनत ने 30वीं हरियाणा स्टेट अंडर-15 गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्टेट चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। बहादुरगढ़ स्थित हरदयाल पब्लिक स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में जीनत ने अपने आत्मविश्वास, धैर्य एवं शानदार रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनकी इस उपलब्धि के साथ अब वे सितंबर माह में पंजाब में आयोजित होने वाली नेशनल शतरंज प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। सात राउंड तक चले इस रोमांचक टूर्नामेंट में हरियाणा के विभिन्न जिलों से लगभग 50 खिलाडि़यों ने भाग लिया। जीनत ने पूरे प्रतियोगिता में लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 6.5 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रारंभिक रैंकिंग में सातवीं वरीयता प्राप्त होने के बावजूद उन्होंने अपने उत्कृष्ट खेल से कई अनुभवी एवं उच्च रेटिंग प्राप्त खिलाडि़यों को पराजित कर चैंपियनशिप अपने नाम की। प्रतियोगिता के दौरान जीनत का संयमित खेल, सटीक चालें एवं दबावपूर्ण परिस्थितियों में शांत निर्णय लेने की क्षमता विशेष रूप से सराहनीय रही। उन्होंने गुरुग्राम की श्रेया पिपलानी, आहना गुलाटी तथा एएफएम साम्प्रिति माजी जैसी मजबूत खिलाडि़यों को मात देकर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया।



**फतेहाबाद।** विजेता छात्रा जीनत को बधाई देते क्रेसंट स्कूल प्रधानाचार्या।

# 'कैच द रेन' सप्ताह : विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हसंगा में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत 'कैच द रेन' सप्ताह में विभिन्न गतिविधियों को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुए। स्कूल में 4 से 12 मई तक चले इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जल संरक्षण, पानी के सदुपयोग और स्वच्छ पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्य सुभाष चंद्र टाक के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों को जल बचाने की शपथ दिलाकर की गई। इसके बाद पूरे सप्ताह चित्रकला प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, सामुदायिक सहभागिता और जल संरक्षण से जुड़ी अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों को घर और विद्यालय स्तर पर पानी बचाने के उपाय बताए गए। साथ ही पेयजल के सुरक्षित रखरखाव तथा जल जनित बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतिम दिन बाल संसद का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने सप्ताह भर सीखी गई बातों को दोहराया और जल संरक्षण के महत्व पर अपने विचार रखे। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के संचालन में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी सुरेंद्र कुमार, प्रवक्ता दिलबाग सिंह तथा डीपीई गुरदीप सिंह ने सहयोग दिया।



**भूना।** हसंगा में 'कैच द रेन' अभियान में जल संरक्षण का संदेश देते विद्यार्थी।

### 50 हजार की नकदी बरामद

## मृतक भाइयों के बैंक खाते से ठगी करने वाला दूसरा आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस की साइबर सेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मृतक भाइयों के बैंक खाते से धोखाधड़ी कर लाखों रुपये निकालने के मामले में दूसरे आरोपी को राजस्थान के भीलवाड़ा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी गई राशि में से 50 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान शिवराज माली पुत्र रामस्वरूप माली, निवासी प्रताप नगर कॉलोनी, गुलाबपुरा, जिला भीलवाड़ा के रूप में हुई है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि टोहाना निवासी कोमल रानी ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार, उनके दो भाइयों की मृत्यु हो चुकी है, जो टोहाना में इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान चलाते थे। भाइयों की मृत्यु के बाद उनकी लेनदारी के पैसे उनकी माता के बैंक खाते में आ रहे थे। अज्ञात साइबर ठगों ने इस स्थिति का फायदा उठाते हुए खाते में सेंध लगाई और धोखाधड़ी कर कुल 4 लाख 58 हजार 930 रुपये निकाल लिए। पीड़िता की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। साइबर सेल की टीम ने तकनीकी विश्लेषण और गहन जांच के आधार पर इस मामले की कडि़यां जोड़ीं। इस मामले में एक आरोपी की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है। अब पुलिस ने दूसरे सह-आरोपी शिवराज माली को राजस्थान से काबू किया है। साइबर सेल की टीम अब इस गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों और शेष राशि की बरामदगी के लिए अपनी जांच जारी रखे हुए है।

**गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों की तलाश जारी**

# ग्रामीणों को करवाया योगाभ्यास

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर योग शिविरों का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत जिला आयुर्वेदिक अधिकारी फतेहाबाद व हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार मंगलवार को व्यायामशाला ढुईयां में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ. भारती चौहान व योग विशेषज्ञ अंबिका पांटा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान योग सहायक संदीप भारतीय ने उपस्थित लोगों को सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया। उन्होंने ताड़ासन, वृक्षासन, प्राणायाम सहित विभिन्न योग क्रियाओं की जानकारी देते हुए उनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। योग शिविर में ग्रामीणों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने बताया कि योग केवल एक दिवस तक सीमित न रहकर प्रत्येक व्यक्ति की दिनचर्या का हिस्सा बनना चाहिए। नियमित योग से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकता है। उन्होंने बताया कि 13 मई को सुबह का सत्र पारता तथा शाम का सत्र टिब्बी व्यायामशाला में आयोजित होगा। इन कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण हरियाणा योग आयोग के आधिकारिक पेज पर लाइव देखा जा सकेगा।



**फतेहाबाद।** व्यायामशाला ढुईयां में योग शिविर के दौरान योगाभ्यास करते हुए नागरिक।

### कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, गतका, तीरंदाजी और एथलेटिक्स में हुआ जोरदार मुकाबला

# दो दिवसीय खेल महाकुंभ का समापन 3000 खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

एएसपी ने खेलों में अनुशासन और मेहनत का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

रतिया के गुरु नानक डिफेंस एवं स्पोर्ट्स अकैडमी में दो दिवसीय जिला स्तरीय और ओपन खेल प्रतियोगिताओं का भव्य समापन हुआ। इस खेल महाकुंभ के दूसरे दिन समापन समारोह में एएसपी दिवंशी सिंगला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने अनुशासन और कड़ी मेहनत के महत्व पर जोर दिया और खेल भावना के साथ जीवन में आगे बढने का संदेश दिया। अकैडमी के सीईओ गुरजीत सिंह और हेड कोच सुमित कुमार ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, गतका, तीरंदाजी और एथलेटिक्स जैसे मुकाबलों में करीब 3000 खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। अकैडमी परिसर में दो दिनों तक खेल मेले जैसा माहौल रहा, जहां खिलाडि़यों ने आधुनिक नियमों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समारोह में वकील सिंह नाथवान, नगरपालिका अध्यक्ष कालू खना, भीष्म भटेजा और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

एथलेटिक्स के विभिन्न मुकाबलों में अंडर-9 से लेकर ओपन श्रेणी तक के खिलाड़ियों ने पदक जीते। अंडर-9 में रिजक बानो और रिहान खान ने 100 मीटर में पहला स्थान पाया। अंडर-11 में किरण और मितेश अव्वल रहे। अंडर-14 की 100 मीटर दौड़ में राजपाल और अशोक बिश्नोई ने बाजी मारी, जबकि अंडर-17 में इंदरजीत सिंह और राधिका ने स्वर्ण पदक जीता। ओपन कैटेगरी की 3 किलोमीटर दौड़ में लड़कियों में अंजली और लड़कों में गुरजंट प्रथम स्थान पर रहे। खो-खो प्रतियोगिता में फतेहाबाद और गुरुकुल स्कूल रातखेड़ा की टीमों का दबदबा रहा। वॉलीबॉल के अंडर-17 वर्ग में गुरु नानक डिफेंस एंड स्पोर्ट्स अकैडमी की टीम विजेता बनी।



**रतिया।** विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण।

## खबर संक्षेप

### निर्माणाधीन मकान से चोरी का आरोपी पकड़ा

**सिरसा।** पुलिस ने फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित निर्माणाधीन मकान से पानी की टुंटियां चोरी करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। खैरपुर पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी जसविंद्र सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि बीती 5 अप्रैल की रात्रि को अज्ञात युवक उसके निर्माणाधीन मकान में घुस गए और वहां लगी पानी की करीब 25 टोंटियां चोरी कर फरार हो गया। थाना सिविल लाइन सिरसा में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### बाइक सवार हेरोइन सहित दबोचा

**सिरसा।** पुलिस ने केलनिया रोड नजदीकी बांदर पुलिया क्षेत्र से बुलेट बाइक सवार युवक को 10 ग्राम 45 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान केलनिया रोड शमशाबाद पट्टी सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान सामने से बुलट बाइक सवार युवक आता दिखाई दिया। बाइक सवार ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक बाइक को वापस मोडक़र भागने का प्रयास किया।

### तरकांवाली के सरपंच ओमप्रकाश का निधन

**चोपटा।** गांव तरकांवाली के सरपंच ओमप्रकाश पटवारी का निधन हो गया। वर्ष 2022 में सरपंच के पद पर चुनाव लडक़र विजयी हुए। कार्यकाल के दौरान उन्होंने गांव तरकांवाली के ग्रामीणों की समस्याओं को सुलझाने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई। उनके निधन को पूरे नाथूसरी चौपटा क्षेत्र और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। उनके निधन पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों व सरपंचों ने गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

### बाबा हरदेव सिंह को अर्पित-समर्पण दिवस आज

**डबवाली।** बाबा हरदेव सिंह की पावन स्मृति को समर्पित समर्पण दिवस का भावपूर्ण आयोजन सतगुरु सुदीक्षा महाराज के सानिध्य में 13 मई को संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में किया जाएगा। इस विशाल समागम में देश-विदेश से आए श्रद्धालु प्रवचन श्रवण करते हुए श्रद्धा, भक्ति और समर्पण के पुष्प अर्पित करेंगे। निरंकारी साध संगत चौटाला के मुखी डा. राजेंद्र यादव ने बताया कि बाबा हरदेव सिंह केवल संत निरंकारी मिशन के आध्यात्मिक गुरु ही नहीं थे।

### रतिया में घर का ताला तोडक़र नकदी चोरी

**रतिया।** शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में सिटी रतिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव हमजापुर में एक घर को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने नकदी सहित हजारों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में हमजापुर निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र पप्पू राम ने बताया कि चोरी की यह घटना 9 और 10 मई की दरम्यानी रात को हुई।

---

### शहर में निजी स्कूलों के सुरक्षा नियमों की उड़ी धज्जियां

# फतेहाबाद में बीच सड़क खराब हुई स्कूल बस, बच्चों ने लगाया धक्का

**बच्चों, एक महिला और दो अन्य पुरुषों के धक्का के बाद स्टार्ट नहीं हुई स्कूल बस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर के पंचायत भवन के पास मंगलवार सुबह स्कूली बच्चों की सुरक्षा और स्कूल प्रबंधन की लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां सत्यानंद पब्लिक स्कूल की एक बस बीच सडक़ पर अचानक खराब हो गई, जिसके बाद बस को स्टार्ट करने के लिए स्कूली बच्चों से धक्का लगवाया गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अभिभावकों और शहरवासियों में भारी रोष देखने को मिल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह सत्यानंद पब्लिक स्कूल की बस 20 से अधिक बच्चों को लेकर स्कूल की ओर जा रही थी। जब बस पंचायत भवन के पास पहुंची, तो तकनीकी खराबी के कारण अचानक बंद हो गई। बस चालक ने काफी कोशिश की, लेकिन जब इंजन स्टार्ट नहीं हुआ तो उसने बस में सवार मासूम बच्चों को नीचे उतार दिया। इसके बाद बच्चों, एक महिला और दो अन्य पुरुषों ने बस को काफी दूर तक धक्का लगाया, ताकि उसे स्टार्ट किया जा सके। हालांकि, काफी मशक्कत के बाद भी बस स्टार्ट नहीं हुई और काफी देर तक सडक़ किनारे खड़ी रही। बाद में जैसे-तैसे बस को ठीक कर बच्चों को गंतव्य तक पहुंचाया गया।



**फतेहाबाद।** स्कूल बस को धक्का करते विद्यार्थी व अन्य।

#### सुरक्षा मानकों पर सवाल और पेंडिंग चालान

हैरानी की बात यह है कि जिस बस में बच्चे सवार थे, उस पर पहले से ही भारी-भरकम चालान पेंडिंग हैं। रिकॉर्ड के अनुसार, इस बस पर एक 31 हजार रुपये और दूसरा 11 हजार रुपये का चालान लंबित है। इसके बावजूद बस का सडक़ पर चलना स्कूल प्रबंधन की कार्यप्रणाली और प्रशासन की चेकिंग प्रक्रिया पर बड़े सवाल खड़े करता है। प्रत्यक्षदर्शियों और अभिभावकों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन बच्चों की सुरक्षा के नाम पर भारी फीस वसूलते हैं, लेकिन वाहनों के रखरखाव और फिटनेस की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और परिवहन विभाग से मांग की है कि निजी स्कूलों के वाहनों की नियमित और गहन जांच की जाए। नियमों की अनदेखी करने वाले और खटारा वाहनों को सडक़ पर उतारने वाले स्कूल संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

#### स्कूल प्रबंधन की सफाई

इस पूरे मामले में स्कूल संचालक मुकुल कुमार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि बस का ड्राइवर नया था और उसे समझ नहीं आया कि स्थिति को कैसे संभाला जाए, इसलिए उसने बच्चों से धक्का लगवा दिया। संचालक ने आश्वासन दिया कि ड्राइवर के खिलाफ एक्शन लिया जा रहा है। वहीं, लंबित चालानों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि मामला लोक अदालत में विचाराधीन है और अगली तारीख पर चालान की राशि भर दी जाएगी।

---

## लिंगानुपात में सुधार के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी: संजय



**सिरसा।** लिंगानुपात सुधार को लेकर बैठक लेते नोडिल अधिकारी डॉ. संजय।

- गांव स्तर पर जनजागरूकता गतिविधियों को और अधिक मजबूत बनाने पर हुई विशेष चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला में लिंगानुपात की स्थिति में और सुधार लाने एवं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से मंगलवार को सीएचसी रानियां व उप स्वास्थ्य केंद्र बालासर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ. संजय, एसएमओ डॉ. ओमप्रकाश, ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ. डॉली लूथरा, मेडिकल ऑफिसर्स, एलएचवी एवं सीनियर एएनएम, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों की एएनएम, एमपीएचडब्ल्यू-एम, आशा फैसिलिटेटर, सीएचसी रानियां के अंतर्गत कार्यरत आरएमपी, पंचायत सचिवों आदि ने भाग लिया। इसके अलावा ग्रामीणों को भी जागरूक किया गया। जिला नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ. संजय ने बैठक के दौरान गर्भवती महिलाओं के शीघ्र पंजीकरण, गर्भपात मामलों की रिवर्स ट्रैकिंग, पीसीपीएनडीटी एक्ट के क्रियान्वयन तथा गांव स्तर पर जनजागरूकता गतिविधियों को और अधिक मजबूत बनाने पर विशेष चर्चा की गई।

#### बेटियों का करें सम्मान

उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग, प्रशासन और समाज के सभी वर्गों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने आरएमपी एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को नैतिक चिकित्सा पद्धतियों का पालन करने, पीसीपीएनडीटी एक्ट के कानूनी प्रावधानों की जानकारी रखने तथा बालिका लिंगानुपात सुधारने में अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बेटियों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में फील्ड सर्विलांस को मजबूत करने, जन जागरूकता अभियान चलाने, रिकॉर्ड एवं रिपोर्टिंग प्रणाली को सुदृढ़ बनाने तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

---

## कार्यशाला से रचनात्मक नवाचार, वैज्ञानिक सोच को मिलेगा नया आयाम : सुभाष फुटेला

- जिले के 26 विद्यालयों में स्थापित हो चुकी है अटल टिंकरिंग लैब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेला ग्राउंड एवं राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मंडी डबवाली में अटल टिंकरिंग लैब कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस कार्यशाला में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान एवं कंप्यूटर साइंस के प्रवक्ताओं के साथ-साथ विद्यालय प्राचार्यों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि सिरसा जिले के कुल 26 विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब्स स्थापित की जा चुकी हैं। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता, नवाचार, समस्या समाधान क्षमता एवं तकनीकी कौशल का विकास करना है, ताकि विद्यार्थी भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार फुटेला ने कहा कि लैब विद्यार्थियों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को नई दिशा देने का एक प्रभावी मंच है। शिक्षक इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को विद्यालय में लागू करें ताकि विद्यार्थी नवाचार एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें।



**सिरसा।** अटल टिंकरिंग लैब कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ करते हुए।

## स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें: चंद्रपाल योगी

**सिरसा।** पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान न्यास के अंतर्गत चौ. देवीलाल चिल्ड्रन पार्क में आयोजित किए जा रहे 16 दिवसीय योग शिविर के चौथे दिन चंद्रपाल योगी ने योग व आहार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने योग को अपनी जीवनशैली में अपनाने का आह्वान किया, ताकि आप स्वस्थ व निरोग रह सकें। उन्होंने योग क्रियाएं, आसन जैसे मंडुक्रासन, वृक्षासन, ताड़ासन, चक्रासन तथा प्राणायाम कपाल भाति, अनुलोम, विलोम, ब्राहम्री का अभ्यास व ध्यान करवाया तथा प्राणायाम के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। समिति के महासचिव विरेंद्र नागपाल ने योगिंग-जोगिंग, सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। शिविर में मीडिया प्रभारी विवेक कुमार, खैरातलाल, विजय कुमार, महिंद्र, देवीलाल, पदम, श्यामलाल, सुशील, रमेश सेठी, राजकुार निजात, कुलवंत सेठी, राकेश आदि शामिल रहे।



**सिरसा।** योग करते साधक। *फोटो : हरिभूमि*



**सिरसा।** पौधारोपण करते विद्यार्थी।

## वर्तमान समय में पर्यावरण असंतुलन बना वैश्विक चुनौती, करें पौधरोपण : प्रो.सिंह

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के विधि विभाग ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक पौधारोपण कार्यक्रम किया। विभाग के वरिष्ठ प्रो. मुकेश गर्ग का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं पौधा भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए प्रत्येक व्यक्ति द्वारा कम से कम एक पौधा लगाने एवं उसकी देखभाल करने का संकल्प लिया। मुख्यातिथि के रूप में पंजाबी विश्वविद्यालय के विधि विभाग के सेवानिवृत्त प्रो. परमजीत सिंह मौजूद थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण असंतुलन वैश्विक चुनौती बन चुका है और इसके समाधान के लिए पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

## सुपर -100 में चयनित छात्रा पुनीता के सम्मान में कुम्हारिया में निकाली रैली

- स्कीम के अंतर्गत छात्रों को फ्री कराई जाती है परीक्षाओं की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा चलाई जा रही स्कीम सुपर-100 परीक्षा में राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल कुम्हारिया की छात्रा पुनीता का चयन हुआ है। स्कीम के अंतर्गत चयन होने वाली छात्रा पुनीता के सम्मान में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन व ग्रामीणों ने रैली निकाली। प्राचार्य विनोद कुमार ने बताया कि सुपर 100 स्कीम के अंतर्गत राजकीय विद्यालय में पढऩे वाले मेधावी छात्रों को आईआईटी तथा नीट परीक्षा की निशुल्क तैयारी करवाई जाती है। इस स्कीम के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक स्कूल कुम्हारिया की छात्रा पुनीता का चयन हुआ है। इसके अलावा छात्र गजेंद्र व छात्रा नेहा द्वारा एनएमएमएस की परीक्षा पास करने पर विजयी रैली निकाली। इसी के साथ कक्षा नौवीं के छात्र मनीष को इंस्पायर स्कीम के तहत जिले में प्रथम आने पर व उसके मॉडल को राष्ट्र स्तर पर चयनित करने पर स्कूल में सम्मानित किया गया।



**चोपटा।** छात्रा पुनीता के सम्मान में रैली निकालते ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

---

## न्यूज डायरी

### पेपर लीक युवाओं के भविष्य पर हमला: सैलजा

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि एनईईटी-2026 पेपर लीक की खबर देश के लाखों युवाओं के भविष्य और उनकी मेहनत पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि जब परीक्षाएं पारदर्शिता और ईमानदारी के बजाय भ्रष्टाचार और पेपर लीक की भेंट चढ़ने लगें, तो सबसे बड़ा नुकसान गरीब और मध्यम वर्ग के उन छात्रों का होता है जो वर्षों तक कठिन परिश्रम करके अपने सपनों को पूरा करने का प्रयास करते हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों ने भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। 22 लाख से अधिक छात्रों और उनके परिवारों का भरोसा टूटना बेहद चिंताजनक स्थिति है।

### पीएम के आह्वान से खरीदारी घटने की आशंका: सोनी

**सिरसा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से लोगों से एक वर्ष तक सोना खरीदने से बचने की अपील के बाद प्रदेश के सराफा बाजारों में हलचल बढ़ गई है। स्वर्णकार सेवा संघ जिला सिरसा प्रभारी एवं मुख्य सलाहकार सुखविंद्र सोनी ने कहा कि एक तो पहले से ही बढ़ती कीमतों के कारण सराफा बाजार सुस्त पड़ा था, लेकिन पीएम के आह्वान से अब बाजार में निवेश आधारित खरीदारी और घटने की आशंका है। सोनी ने कहा कि भारत में स्वर्ण केवल धातु नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा, आस्था और आर्थिक सुरक्षा का प्रतीक है। विवाह, धार्मिक उत्सव, पारिवारिक संस्कार और महिलाओं की सुरक्षा भावना से सोना सदियों से जुड़ा हुआ है। ऐसे में यदि लंबे समय तक सोना खरीदने पर रोक जैसी स्थिति बनती है, तो इसके दूरगामी दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं।

### कुम्हारिया में चलाया एचपीवी टीकाकरण अभियान

**चोपटा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाथूसरी चौपटा के द्वारा गांव कुम्हारिया के उप स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को टीके लगाए गए। इस मौके पर नाथूसरी चौपटा के बीडीपीओ डॉ. स्टालीन सिद्धार्थ सचदेवा व गांव के सरपंच रुपेश बेनीवाल मौजूद रहे। इस दौरान सीएचओ पवन कुमार, एमपीएचएस सुख देवी बैनीवाल, एमपीएच डब्ल्यू जय प्रकाश, पुष्पा रानी, आशा वर्कर प्रमिला, सुरता की टीम ने बालिकाओं और उनके अभिभावकों को टीके के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। बीडीपीओ डॉ. स्टालीन सिद्धार्थ सचदेवा ने जानकारी देते हुए बताया कि एचपीवी एक वायरस है जो मुख्य रूप से महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) का प्रमुख कारण बनता है।

### प्रधानमंत्री का देशवासियों से आह्वान स्वागत योग्य कदम, जनता करें सहयोग : डा. केहरवाला

**सिरसा।** भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डा. गंगा सागर केहरवाला ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देशवासियों से किए गए आह्वान को देशहित में स्वागत योग्य कदम बताया है। डॉ. केहरवाला ने कहा कि पीएम द्वारा यह आह्वान पश्चिमी एशिया में चल रहे तनाव के कारण पैदा हुए ऊर्जा संकट के बीच पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने और सोने का आयात घटाने के लिए किया गया है। केहरवाला ने कहा कि इसके साथ ही, प्रधानमंत्री ने देशहित में एक और आह्वान करते हुए कहा कि जनता को कम से कम एक साल तक सोने के गहने नहीं खरीदने का आह्वान किया है। संकट की इस घड़ी में देश का पैसा यानी विदेशी मुद्रा बचाना ही हमारी असली देशभक्ति है।

---

## आप नेता सुरजीत पर हमले के पांच आरोपी पकड़े, अन्य की तालाश जारी

**सिरसा।** आम आदमी पार्टी नेता सुरजीत बेगू पर हमला मामले में पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर हमलावरों की पहचान कर ली है। पुलिस के अनुसार हमला करने वाले बदमाश हायर किए गए भेजे गए थे। इसका असली मास्टरमाइंड कोई और है, उसने दूसरे राज्य में बैठे-बैठे ये साजिश रची। इसमें कई अपराधी संलिप्त होने का शक है। मामले में पुलिस ने पांच हमलावरों को हिरासत में लिया है, बाकी की तलाश जारी है। अभी हमले का मास्टरमाइंड नहीं पकड़ा गया है। पुलिस के अनुसार, हमला करने वाले बदमाशों की पहचान के बाद पता चला कि इनमें पांच हमलावर पंजाब के बठिंडा के रहने वाले हैं, जिन्होंने सुरजीत को गाड़ी से टक्कर मारने के बाद जमीन पर नीचे गिराकर डंडों से पीटा था। पंजाब के ये पांचों युवक नशे के आदी है और पैसों में हायर किए गए थे। हमले के बाद वापस पंजाब फरार हो गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

### शहीद दीप सिंह संस्थान में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस, सेवा का संकल्प

# नर्स अपने स्नेह व देखभाल से मरीज को प्रदान करती है नया जीवन: सिवाच

*कुशल नर्स वही है जो अपने ज्ञान के साथ-साथ अपनी संवेदनाओं को भी जीवित रखें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहीद बाबा दीप सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, अहरवां के प्रांगण में आज अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस एवं आधुनिक नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के संरक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह सिवाच मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनूप सिंह संधू, वेटरनरी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर खन्ना एवं कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉ. ममता चौधरी सहित तीनों संस्थानों का समस्त स्टाफ और नर्सिंग के विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. वीरेंद्र सिंह सिवाच ने कहा कि नर्सिंग केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च धर्म है। उन्होंने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से कहा कि जिस प्रकार लेडी विद द लैंप ने विषम परिस्थितियों में भी घायलों की सेवा कर दुनिया को एक नई राह दिखाई, उसी प्रकार आपको भी अपने भीतर करुणा और निस्वार्थ सेवा का दीपक जलाना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक चिकित्सक केवल बीमारी का इलाज करता है, लेकिन एक नर्स अपने स्नेह और देखभाल से मरीज को नया जीवन प्रदान करती है। डॉ. सिवाच ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, आज जब आप यह सफेद वर्दी धारण करते हैं, तो आप समाज के विश्वास के प्रतीक बन जाते हैं। चिकित्सा जगत में तकनीक चाहे कितनी भी प्रगति कर ले, लेकिन जो राहत एक नर्स के विनम्र व्यवहार और धैर्य से मिलती है, उसका कोई विकल्प नहीं है। आप सभी को अपने कार्य के प्रति अडिग रहना चाहिए।





**फतेहाबाद।** नर्सिंग डे पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. विरेन्द्र सिवाच व उपस्थित विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

#### नर्सिंग साहस व धैर्य की परीक्षा

नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनूप सिंह संधू ने विद्यार्थियों को कहा, नर्सिंग का पेशा साहस और धैर्य की परीक्षा है। आप केवल डिग्री हासिल नहीं कर रहे, बल्कि दूसरों के दुखों को हरने की क्षमता विकसित कर रहे हैं। याद रखें, एक कुशल नर्स वही है जो अपने ज्ञान के साथ-साथ अपनी संवेदनाओं को भी जीवित रखे। इस अवसर पर नर्सिंग के विद्यार्थियों ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल की शपथ लेते हुए यह संकल्प लिया कि वे बिना किसी भेदभाव के पीड़ित मानवता की सेवा करेंगे और अपने पेशे की गरिमा को सदैव बनाए रखेंगे। अंत में, संस्थान के प्रबंधन और शिक्षकों ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।